# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
### 17/04/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Nav Pradesh, Lohardagga, (JKD)**

# रैपिड एक्शन फोर्स की कार्रवाई ने जिले के लोगों में जगायी सुरक्षा की उम्मीद

संवाददाता

**लोहरदगा :** रामनवमी के दौरान हुए हिंसा के बाद दिन व दिन जिले के हालात में सुधार हो रहा है। हिंसा प्रभावित लोहरदगा में सुरक्षा का माहौल स्थापित करने में रैपिड एक्शन फोर्स की 106 बटालियन की फोर्स उप कमांडेंट राकेश कुमार व सहायक कमांडेंट अजीत कुमार के नेतृत्व में अपना अहम योगदान निभा रही है। रैपिड एक्शन फोर्स 106 बटालियन के उप कमांडेंट राकेश कुमार ने बताया कि 120 जवानों के साथ एक कंपनी लोहरदगा जिले में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों सहित संपूर्ण जिले को कंट्रोल करने के लिए 24 घंटे अपना कर्तव्य का पालन कर रही है। उन्होंने बताया कि जिलेवासी बिना किसी संकोच के बिना किसी डर के अपना कार्य करें, उनके सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। रैपिड एक्शन फोर्स के पास बड़े से बड़े दंगा से निपटने के लिए एक से बढ़कर एक अत्याधुनिक हथियार व उपकरण मौजूद है जो कि किसी भी दंगा को नियंत्रण करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास 120 जवानों की ऐसी टीम है जिसके रहते लोहरदगा जिले में दुबारा हिंसा की कल्पना भी असामाजिक तत्वों को करना भारी पड़ सकता है। उन्होंने साफ शब्दों में असामाजिक तत्वों को संदेश देते हुए कहा कि अगर हिंसा का विचार भी उनके मन में आएगा तो उनसे रैपिड एक्शन फोर्स सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि जुम्मा की नमाज को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष रूप से फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही जिले के संवेदन तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों में भी निरंतर रैपिड एक्शन फोर्स का फ्लैग मार्च जारी है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी लोहरदगा में हुए हिंसा के दौरान हमने आने के बाद से ही अपनी कार्रवाई से हिंसा को दोबारा पनपने नहीं दिया था। इसीलिए जिलेवासी बिना डर भय के अपनी दुकानें खोलें, अपने घरों से बाहर निकले अपना काम करें उनके सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है।



## डीसी व एसपी ने लिया सुरक्षा का जायजा

जुम्मे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन जहां हिंसा प्रभावित लोहरदगा जिला के संपूर्ण शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ मुस्तैद नजर आई, वहीं उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार भी शहरी क्षेत्र के विभिन्न गली मोहल्लों तथा मस्जिदों वाले क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों व दल बल के साथ भ्रमण कर लगातार सुरक्षा का जायजा लेते रहे। डीसी व एसपी के साथ सुरक्षाकर्मियों का काफिला लगातार जिले के संवेदन तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए लोगों से मिलकर स्थिति सामान्य होने को लेकर चर्चा की। साथ ही उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा आम जनों से बात करते हुए उन्हें निर्भीक होकर घरों से निकलकर अपने रोजमर्रा के कार्य करने को लेकर चर्चा की। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने जहां विभिन्न चौक चौराहों तथा पंचायतों व गांव में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट तथा सुरक्षा इंचार्ज से पल-पल की जानकारी लेते रहे वहीं अधिकारियों का काफिला लगातार सुबह से लेकर शाम तक संपूर्ण क्षेत्रों में खुद भी भ्रमण करता हुआ देखा गया। जिला प्रशासन की पहल का असर भी लोगों ने दिखा लोग अपने घर से बाहर निकले और पहले की तरह सामान्य रूप से दुकानों तथा बाजारों में नजर आए।

## हिंसा खत्म करने के लिए दोनों समुदाय के लोग गंभीर

लोहरदगा हिंसा को खत्म करने को लेकर तथा अमन चैन बहाल करने को लेकर जिले में दोनों समुदाय के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग तथा समाजसेवियों के द्वारा लगातार पहल किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न चौक चौराहों पर तथा मुहल्लों में छोटे-छोटे ग्रुप के माध्यम से बैठक आयोजित कर एक दूसरे की गिले-शिकवे को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इन्हीं सब का असर है कि पिछले 6 दिनों के मुकाबले शुक्रवार को स्थिति बिल्कुल ही सामान्य रही। शुक्रवार को जिले के संपूर्ण क्षेत्र शांति व्यवस्था सामान्य दिनों की तरह नजर आई।

## एसआईटी जुटी है जांच में, जल्द होगा खुलासा

हालांकि लोहरदगा हिंसा की निष्पक्ष जांच को लेकर एसआईटी का भी गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व एसडीपीओ बीएन सिंह कर रहे हैं हालांकि एसआईटी टीम की निगरानी लगातार पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार कर रहे हैं कुल मिलाकर देखा जाए तो जिला प्रशासन हिंसा के बाद से ही जिस प्रकार से निरंतर कार्रवाई में जुटा है इससे आम जनों के बीच व्यापक रुप से विश्वास बढ़ा है।

## इंटरनेट बंद होने से हो रही परेशानी

हिंसा के बाद से ही जिला प्रशासन के द्वारा जिले में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। जिससे मीडिया घरानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही वैसे शिक्षण संस्थान तथा कार्यालय जो ऑनलाइन संचालित हो रहे थे उन पर भी इंटरनेट बंद होने का व्यापक असर पड़ा है। वहीं आमजन भी इंटरनेट बंद होने से काफी परेशान नजर आ रहे हैं लोग इंटरनेट के लिए लोहरदगा जिला से सटे सीमावर्ती क्षेत्र चंदवा, किजुपारा बेड़ो व घाघरा तक का चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि आम जनों से अब आवाज भी उठने लगी है कि इंटरनेट सेवा को बहाल किया जाए, परंतु इंटरनेट बंद होने का असर भी लोहरदगा में दिख रहा है जिससे कि हिंसा को लेकर कोई अफवाह नहीं फैल रही है।

**Dainik Bhaskar, Lohardagga, (Jkd)**

# मुस्लिम समाज के लोगों ने रमजान के दूसरे जुमे की नमाज पढ़ी, सुरक्षा व्यवस्था थी चुस्त

भास्कर न्यूज|लोहरदगा, सेन्हा

जिले के सदर थाना क्षेत्र के हिरही में 10 अप्रैल को रामनवमी जुलूस में हुए पथराव के बाद हुए हिंसा के बाद से जिला प्रशासन हाई अलर्ट है। हर प्रकार से पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने पर जोर दिया जा रहा है। जिले में किसी प्रकार की अफवाह ना फैले इस दिशा में इंटरनेट सेवा भी बंद कराई गई थी, जो पांचवें दिन भी 108 घंटे बाद बंद है। अब पूर्ण रूप से जिले में शांति व्यवस्था कायम होने के बाद ही इंटरनेट सेवा शुरू करने की बात कही गई है। गांव से लेकर शहर तक स्टेटिक और पेट्रोलिंग पार्टी तैनात किए गए हैं।



जामा मस्जिद के निकट जानकारी लेने पहुंचे उपायुक्त, एसपी, एसडीओ।

जगह जगह पर शांति समिति की बैठक कर सौहार्द व अमन चैन का वातावरण बनाए रखने की अपील की जा रही है। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज अदा कराई गई। इस दौरान शहर से लेकर गांव तक शांति व्यवस्था पर स्थिति का जायजा लेने खुद उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला पुलिस कप्तान आर रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल दल बल के साथ निकले थे। जिस क्रम में सुभाष चौक, अमला टोली, थाना चौक पहुंच लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की गई। एसपी ने कहा कि प्रशासन 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद है।

किसी प्रकार की अफवाह होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस व प्रशासन के किसी भी अधिकारी या खुद उन्हें 9431762018 पर देने की अपील की गई। यहां से सभी अधिकारी सेन्हा प्रखंड के अरू गांव भी पहुंचे। बीते दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर भी ग्रामीणों से बातचीत की गई। जहां सभी से एक ही बात शांति बनाए रखने की अपील की गई।

ज्ञात हो की 10 अप्रैल को हिरही में हुए घटना के बाद 13 अप्रैल की शाम को सेन्हा थाना के अरू गांव के असमाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की गई थी। जिसके बाद प्रशासन द्वारा गांव में शांति समिति की बैठक करा कर मामला को शांत कराया गया। आला अधिकारियों के अलावा यहां डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,सीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी सूरज प्रसाद पुलिस दल बल के साथ जुमा को देखते हुए ग्रामीणों इलाकों के मस्जिद का भ्रमण कर जिले में शांति बहाल करने का संदेश दिया। शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धारा 144 लागू है।

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए रैफ ने किया फ्लैग मार्च



लोहरदगा| हिरही गांव में 10 अप्रैल को निकले रामनवमी जुलूस पर हुए पथराव से उत्पन्न हुए सांप्रदायिक हिंसा को नियंत्रण करने के लिए अधिकारियों से लेकर जवान डटे है। उपद्रवियों, दंगाइयों से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बुलाए गए रैपिड एक्शन फोर्स 106 बटालियन को भी जिले में तैनात किया गया है। पांचवें दिन भी यहां 106 बटालियन सुरक्षा व्यवस्था को तैनात रहे। जिनके द्वारा शहरी क्षेत्र में निरंतर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षित रहने का एहसास कराया जा रहा है। इस क्रम में सभी से शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने की भी अपील की जा रही है। फ्लैग मार्च उप कमांडेंट राकेश कुमार और सहायक कमांडेंट अजीत कुमार की अगुवाई में किले गई थी। फ्लैग मार्च शहर के बड़ा तालाब, बड़ी मस्जिद, इमली चौक, सुभाष चौक, थाना टोली, अमला टोली, ईदगाह रोड, मैना बगीचा, नदिया रोड, रेलवे स्टेशन, बगड़ू रोड, अप्पर बाजार, मिलन चौक, बरवाटोली, सोमवार बाजार, राणा चौक, कचहरी मोड़ आदि क्षेत्रों में निकाला गया।

Navin Mail , Lohardagga, (Jkd)

## लोहरदगा में सांप्रदायिक हिंसा के तीसरे दिन रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

# अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में सांप्रदायिक हिंसा के तीसरे दिन बुधवार को शहरी क्षेत्र में 106 बटा0 रैपिड एक्शन फोर्स, के जवानों के द्वारा राकेश कुमार उप०कमाण्डेन्ट की अध्यक्षता में मार्च पास्ट किया गया। फ्लैग मार्च थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब, इमली चौक, पावरगंज चौक, थाना टोली, न्यू रोड, अमला टोली, ईदगाह रोड, मैना बगीचा , नदिया, जुरिया, रेलवे स्टेशन, बगडू रोड, अपर बाजार, मिशन चौक, सोमार बाजार, राणा चौक, रेलवे साइडिंग, कचहरी मोड आदि जगह पर किया गया। प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में निकाला गया फलैग मार्च शहर के प्रमुख इलाके से गुजरा। फलैग मार्च में उप कमांडेंट राकेश कुमार, एवं अजीत कुमार कमाण्डेन्ट 106 बटा० रैपिड एक्शन फोर्स समेत अन्य पुलिस अधिकारीयों के साथ भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल फलैग मार्च किया । फलैग मार्च विभिन्न धार्मिक स्थानों एवं अन्य स्थलों पर किया गया है। फलैग मार्च समाप्ति के उपरांत विधि-व्यवस्था ड्यूटी हेतु रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो को लोहरदगा के अति संवेदनशील इलाको में तैनाती किया गया। डी / 106 बटा० रैपिड एक्शन फोर्स के जवानो का वेशभूषा व साजो समान के साथ फलैग मार्च व ड्यूटी स्थल पर ड्यूटी करने के तरीके को देख शहर का हर आम जनता अपने आपको सुरक्षित कर रहा था एवं अराजक तत्वों में दहशन का माहौल स्थापित किया गया। कोई भी उपद्रवी दंगा-फसाद और माहौल को खराब करने का प्रयास करेगा तो डी/106 बटा0 रैपिड एक्शन फोर्स के पास दंगा नियंत्रण करने हेतु बॉडी प्रोटेक्टर गियर, सीआरपीएफ लाठी, शील्ड्स, सॉक्स बैटन, ट्रंकियन गन, आर्ग, गैस गन, एमएसएल रबर बुलेट, बैलिस्टिक कार्ट्रिज, प्लास्टिक पेलेट्स, हथगोले, वज्र डी / 106 बटा0 रैपिड एक्शन फोर्स के पास उपलब्ध है जो दंगा को नियंत्रण करते हैं। शहर में फलैग मार्च के दौरान राकेश कुमार उप०कमाण्डेन्ट और अजीत कुमार सहा० कमाण्डेन्ट 106 बटा० रैपिड एक्शन फोर्स व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीयों के द्वारा लोगों से अपील किया गया की शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए, हम आपकी सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर है। किसी के बहकावो में ना आये और न ही किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान दे।

## Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF





सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।